तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

11 आश्रम छात्रावासों और पोटाकेबिनों की व्यवस्था पर...



12 गड्ढों से राहत दिलाने सड़कों पर उतरा पीडब्ल्यूडी...



बोधघाट परियोजना का विरोध करने नवम्बर में आ सकते हैं राहुल गांधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

चरणदास महंत बोले बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए भी उठाएंगे आवाज



बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा दिलाने और बोधघाट परियोजना के विरोध को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बस्तर लाने की तैयारी की जा रही है। संभव हुआ तो नवंबर में राहुल गांधी बस्तर आएंगे। यह बात छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने पत्रकारवार्ता के दौरान कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि बस्तर प्रवास के दौरान बोधघाट परियोजना का विरोध उनकी प्राथमिकता होगी। महंत ने दावा किया कि परियोजना से हजारों एकड़ जमीन, बड़ी संख्या में पेड़ और हजारों मकान डूब क्षेत्र में आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर के लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना का विरोध किया जाएगा। महंत ने बोधघाट परियोजना के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 1979 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने इस परियोजना के लिए भूमिपूजन किया था।

- झीरम मामले में असली षड्यंत्रकारियों पर कार्रवाई की मांग

उन्होंने बताया कि आदिवासी नेता अरविंद नेताम ने उस समय परियोजना का विरोध करते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से शिकायत की थी, जिसके बाद परियोजना रोक दी गई थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेश बघेल ने परियोजना को दोबारा शुरू करने का प्रयास किया था। उस दौरान भी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं ने इसका विरोध किया था। उन्होंने कहा कि बस्तर के लोगों की जमीन, जंगल और घरों पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों को देखते हुए परियोजना के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी।

झीरम मामले में 10 आरोपियों को मृत्युदंड दिए जाने के संबंध में महंत ने कहा कि उनके अनुसार, सजा पाने वाले लोग सामान लाने-ले जाने की भूमिका में थे, जबकि मुख्य अपराधी और षड्यंत्रकारी अब भी बाहर घूम रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कुछ लोगों ने आत्मसमर्पण भी किया है। एनआईए के फैसले को लेकर कांग्रेस नेताओं के बीच सवाल हैं और पार्टी वास्तविक दोषियों को पकड़ने के लिए कार्रवाई की मांग करेगी।

पत्रकारवार्ता के दौरान बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, प्रेमशंकर शुक्ला, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, प्रदेश महामंत्री शंकर राव, कविता साहू सहित अन्य कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

नवरात्रि में श्रद्धालुओं को मुफ्त में मिलेगी देवी दंतेश्वरी दर्शन की सुविधा



जगदलपुर। मां दंतेश्वरी के दर्शन के लिए दंतेवाड़ा जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रोटरी क्लब ने 'प्रोजेक्ट आशा' के तहत निःशुल्क बस सेवा की पहल की है। यह सेवा 11 से 15 अक्टूबर तक जगदलपुर के दंतेश्वरी मंदिर परिसर और दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर के बीच संचालित की जाएगी। इसका उद्देश्य ट्रेन सेवाओं की सीमित उपलब्धता के बीच श्रद्धालुओं और जरूरतमंद यात्रियों को आवागमन का वैकल्पिक साधन उपलब्ध कराना है। रोटरी क्लब के अनुसार दंतेवाड़ा के लिए सीमित रेल सुविधाओं के कारण यात्रियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोटरी क्लब के उपाध्यक्ष संग्राम सिंह राणा इस बस सेवा के प्रभारी होंगे।

2 बस चलेगीं : बताया गया कि दंतेश्वरी मंदिर परिसर से दंतेवाड़ा के लिए पहली बस सुबह 7 बजे और दूसरी बस दोपहर 2 बजे रवाना होगी। वहीं, दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर से जगदलपुर के लिए बसें सुबह 10 बजे और शाम 5 बजे प्रस्थान करेंगी। यह व्यवस्था 11 से 15 अक्टूबर तक रहेगी।

बस्तर दशहरा में शामिल होने मुख्यमंत्री साय को न्योता



जगदलपुर। मुख्यमंत्री निवास में सांसद महेश कश्यप के नेतृत्व में बस्तर दशहरा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री को विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया। प्रतिनिधिमंडल द्वारा मुख्यमंत्री को पारंपरिक पागा पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर दशहरा हमारी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, आस्था और सामूहिक सहभागिता की अमूल्य विरासत है। 75 दिनों तक चलने वाला यह ऐतिहासिक पर्व मां दंतेश्वरी की आराधना और बस्तर की जीवंत सांस्कृतिक परंपराओं का अनूठा संगम है।उन्होंने कहा कि बस्तर दशहरा बस्तर की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और सदियों पुरानी परंपराओं का जीवंत प्रतीक है।

राष्ट्रपति के मुरिया दरबार में शामिल होने की संभावना

उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष बस्तर दशहरा के महत्वपूर्ण रस्म 'मुरिया दरबार' में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आगमन हुआ था। वहीं इस वर्ष राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मुरिया दरबार में शामिल होने की संभावना है। राष्ट्रपति को मुरिया दरबार में शामिल होने के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, मंत्री राजेश अग्रवाल तथा बस्तर सांसद ने नई दिल्ली में आमंत्रित किया था।



धान बेचने 20 से 25 किमी की दूरी तय करते हैं किसान



जगदलपुर। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नेतृत्व में लोहंडीगुड़ा ब्लॉक की अलनार पंचायत में नवीन धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग को लेकर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। यूनियन ने किसानों की वर्षों पुरानी समस्या को गंभीरता से लेते हुए तोयर में नवीन धान खरीदी केंद्र तत्काल प्रारंभ करने की मांग की। यूनियन के अनुसार, सुरगुड़ा, तोयर, गुमियापाल, गढ़दा, मिचनार, मिचनार-2 सहित आसपास के अनेक गांवों के किसानों को धान बेचने के लिए अलनार खरीदी केंद्र तक लगभग 20 से 25 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। इससे किसानों को परिवहन खर्च, समय और अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लंबी दूरी और व्यवस्थागत कठिनाइयों के कारण कई किसान समय पर अपना धान नहीं बेच पाते, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है। जिला अध्यक्ष रमेश गोयल ने कहा कि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए इतनी लंबी दूरी तय करने को मजबूर करना उनकी समस्याओं की अनदेखी है। उन्होंने कहा किसान मेहनत करके धान पैदा करता है, लेकिन खरीदी केंद्र की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से उसे परेशानी झेलनी पड़ती है।



खबर संक्षेप

कार से टक्कर के बाद पलटी एंबुलेंस, तीन घायल

फरसगांव। नेशनल हाईवे-30 पर फरसगांव चिचाड़ी पुल के पास शुक्रवार दोपहर करीब 12.30 बजे कार और एंबुलेंस के बीच टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एंबुलेंस सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। जानकारी के अनुसार, एंबुलेंस जगदलपुर से धमतरी की ओर जा रही थी। इसी दौरान चिचाड़ी पुल के पास कार से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में एंबुलेंस में सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों में दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं, जबकि एक व्यक्ति के कमर के पास गंभीर चोट लगने की जानकारी सामने आई है। घटना के बाद घायलों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराते हुए 112 की मदद से उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सभी घायलों का इलाज जारी है।

अधिकारियों ने किया कोसागांव जलाशय का निरीक्षण

फरसगांव। सेवा संकल्प अभियान में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने जलाशय के कैचमेंट क्षेत्र, बांध, सीपेज क्षेत्र और नहरों का तकनीकी निरीक्षण किया। साथ ही जनभागीदारी से जलाशय परिसर में साफ-सफाई एवं संरक्षण कार्य किए गए। कार्यक्रम का आयोजन कार्यपालन अभियंता आरएल धीवर के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पी.एल. सोनवानी के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान कोसागांव सरपंच मोतीराम नेताम, काबोंगा सरपंच शिवराम शोरी, बांध अध्यक्ष बाकुराम नेताम, पुजारी धनाजी मंडावी, फरसगांव के सब इंजीनियर संतोष तमो सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

आयुष विभाग ने 138 लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

कोण्डागांव। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 7 अक्टूबर को विकासखंड माकड़ी के ग्राम पंचायत शामपुर में सेवा सेतु अभियान के तहत जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। आयुष विभाग ने शिविर में विशेष स्वास्थ्य स्टॉल लगाया। शिविर में आयुष विभाग की टीम ने कुल 138 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। पात्र मरीजों को निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। इसके साथ ही स्वास्थ्यवर्धक आयुष काढ़े के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 151 लोगों को काढ़ा वितरित किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण कराने वालों में 61 महिलाएं, 50 पुरुष, 15 बालक और 12 बालिकाएं शामिल रहे।

महतारी जतन योजना से शांति को मिला आर्थिक संबल

कोण्डागांव। श्रम विभाग के माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इन्हीं में शामिल मिनीमाता महतारी जतन योजना महिला श्रमिकों को प्रसूति के समय आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। डोंगरीपारा, शामपुर निवासी शांति नेताम को प्रसूति के उपरांत मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत 20 हजार की एकमुश्त आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

प्ररूप-(तीन)
शपथ पत्र (नाबालिग पुत्र/पुत्री के नाम परिवर्तन के मामले में)

मैं अभिभावक शंकर पेरे, (SHANKAR PERE), (पालक का नाम) सुपुत्र/पिता रामैया, (RAMAIYA), निवासी-मीनुर, एतदद्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता हूँ, तथा निम्नानुसार घोषित करता हूँ।

1. ग्राम- मीनुर, तह.-भो.पटनम, जिला बीजापुर छ.ग., का स्थायी निवासी हूँ।
2. मैं अपने नाबालिग पुत्री ओगीता पेरे, (OGITA PERE), माता सम्मक्का पेरे, (SAMMAKKA PERE), जन्मतिथि-01/01/2013, से बदलकर योगिता पेरे, (YOGITA PERE), माता तुलसा पेरे, (TULSA PERE), जन्मतिथि-14/09/2014, करवाना चाहता हूँ।
3. मैं अपने पुत्र/पुत्री का नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता/करती हूँ तो उसके लिए स्वंय जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी।
4. मेरी पुत्री ओगीता पेरे, (OGITA PERE), माता सम्मक्का पेरे, (SAMMAKKA PERE), जन्मतिथि-01/01/2013, को हमारे/हमारी नाबालिग पुत्र/पुत्री के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा/रही हूँ तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

दिनांक :- **शंकर पेरे**
पालक के हस्ताक्षर

पोषण और कुपोषण की स्थिति की ली जानकारी, गर्भवती महिलाओं की देखभाल पर दिया जोर

मंत्री केदार कश्यप ने बच्चों और महिलाओं से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को आंगनबाड़ी केंद्र स्कूलपारा गोलावंड में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने बच्चों एवं महिलाओं से संवाद कर पोषण और स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं के बेहतर पोषण और देखभाल पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

मंत्री श्री कश्यप ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों से बातचीत कर उनकी व्यावहारिक समझ और सीखने की क्षमता का जायजा लिया। बच्चों ने चित्रें के माध्यम से फल, पशु–पक्षियों सहित विभिन्न वस्तुओं की पहचान की। बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए मंत्री ने उन्हें चॉकलेट एवं फल वितरित किए।

मंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचीं महिलाओं से बातचीत करते हुए बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार देने की सलाह दी। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्देशित किया कि बच्चों को केंद्र तक छोड़ने आने वाले पालकों को भी पोषण आहार और कुपोषण से बचाव के उपायों की जानकारी दी जाए, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार हो सके।

कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को अपने पोषण और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई। इस अवसर पर पांच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई तथा तीन बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन सहायिका सहित छह महिलाओं को उनके सेवाभाव और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मंत्री श्री कश्यप ने उन्हें सम्मान पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। मंत्री श्री कश्यप ने आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्थाओं एवं साफ–सफाई का अवलोकन किया और उनकी सराहना की।





सेवा सेतु शिविर में 400 से अधिक हितग्राहियों को मिला शासन की योजनाओं का लाभ

कोण्डागांव। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत माकड़ी विकासखंड के ग्राम शामपुर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 400 से अधिक हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मिला। कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, पूर्व विधायक सेवकराम नेताम सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

विधायक सुश्री लता उसेंडी ने ग्राम प्लाटपारा में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए 12 लाख तथा मुख्य मार्ग से नयापारा तक सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख देने की घोषणा की। इन दोनों विकास कार्यों के लिए कुल 22 लाख की घोषणा की गई।



कार्यक्रम में विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना सहित विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए ग्रामीणों से पात्रतानुसार लाभ लेने की अपील की।

विधायक ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की जानकारी देते हुए बताया कि घरों में सोलर पैनल लगाने पर सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाती है। इससे परिवार अपनी बिजली की जरूरत पूरी करने के साथ अतिरिक्त बिजली ग्रिड में देकर आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं।

विधायक ने कहा कि माकड़ी ब्लॉक मुख्यालय में गारमेंट फैक्ट्री के लिए भूमिपूजन किया गया है। इसके शुरू होने से लगभग 150 महिलाओं को रोजगार के अवसर मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना और परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत करना महत्वपूर्ण है।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा सेवा संकल्प अभियान के तहत शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की योजनाओं और सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने किसानों से धान विक्रय से पहले एग्रीस्टैक में पंजीयन कराने तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में अपना पंजीयन सुनिश्चित करने की अपील की, ताकि धान खरीदी के दौरान परेशानी न हो।

शिक्षा विभाग ने 113 हितग्राहियों को दिए जाति प्रमाण–पत्र – शिविर में शिक्षा विभाग द्वारा 113 हितग्राहियों को जाति प्रमाण–पत्र वितरित किए गए। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 15 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख, 10 को ऋण पुस्तिका, 25 को आय प्रमाण–पत्र, 14 को निवास प्रमाण–पत्र तथा 23 हितग्राहियों को जाति प्रमाण–पत्र प्रदान किए। जनपद पंचायत माकड़ी ने 29 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए।

आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा : कलेक्टर

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों एवं शिविरों के माध्यम से शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ शिविरों में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रीता सोरी, कोण्डागांव जनपद अध्यक्ष अनिता कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य यशोदा कश्यप, गोलावंड सरपंच अनिता बघेल, वेदबेड़ा सरपंच पिलई बघेल, रेशमा दीवान, रीता चालकी, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी रेणु प्रकाश, जनपद पंचायत सीईओ उत्तम महोबिया, तहसीलदार विजय

नवरात्रि के लिए एसडीएम ने ली शांति समिति की बैठक

दुर्गा पंडालों में सीसीटीवी और यातायात व्यवस्था पर दिया जोर

केशकाल। नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण मनाने के उद्देश्य से केशकाल एसडीएम कार्यालय में शांति समिति की बैठक हुई। एसडीएम आकांक्षा नायक की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में थाना प्रभारी विकास बघेल, जनपद पंचायत सीईओ अनुराग सिन्हा, नगर की विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सर्व हिंदू समाज एवं मुस्लिम समाज के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, धार्मिक आयोजनों और प्रतिमा विसर्जन को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में एसडीएम आकांक्षा नायक ने सभी दुर्गा उत्सव समितियों को अपने-अपने पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की समझाइश दी। साथ ही नवरात्र के पूरे नौ दिनों तक पंडालों के आसपास पार्किंग और यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने पर जोर दिया गया, ताकि श्रद्धालुओं, राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो। आयोजन समितियों से भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की अपील की गई।

प्रतिमा विसर्जन के संबंध में समितियों को डीजे, शोभायात्रा की रूपरेखा और रूट चार्ट पहले से प्रशासन



को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, जिससे विसर्जन के दौरान यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था बेहतर तरीके से की जा सके। इसके अलावा बिना पूर्व अनुमति के किसी भी प्रकार के बड़े कार्यक्रम आयोजित नहीं करने की समझाइश दी गई। धार्मिक आयोजनों में निर्धारित नियमों का पालन करने तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग में लागू दिशा-निर्देशों का ध्यान रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

थाना प्रभारी विकास बघेल ने बैठक में पर्व के दौरान आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने, किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध स्थिति या विवाद की सूचना तत्काल पुलिस-प्रशासन को देने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी चर्चा की गई।

अवैध लकड़ी तस्करी पर रोक लगाने कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में पेड़ों की कथित अंधाधुंध कटाई और अवैध लकड़ी तस्करी पर रोक लगाने की मांग को लेकर मर्दापाल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार मर्दापाल को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस ने जिले में लकड़ी तस्करी सहित अन्य अवैध कारोबार पर रोक लगाने और संबंधित लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

- मर्दापाल ब्लॉक कांग्रेस ने की लकड़ी तस्करी में पकड़े गए वाहनों को राजसात करने और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने ज्ञापन में कहा कि मर्दापाल क्षेत्र सहित जिले में हरे–भरे और फलदार पेड़ों की कटाई तथा लकड़ी की तस्करी की शिकायतें सामने आ रही हैं। कांग्रेस का आरोप है कि लकड़ी तस्कर पेड़ों को काटकर जिले से बाहर लकड़ी ले जा रहे हैं। संगठन ने कहा कि इस विषय को पहले भी उठाया गया है, लेकिन समस्या पर प्रभावी रोक लगाने की आवश्यकता बनी हुई है।



ज्ञापन में हाल ही में मर्दापाल वन परिक्षेत्र के अधिकारियों द्वारा कथित रूप से अवैध लकड़ी ले जा रहे तीन वाहनों को पकड़े जाने की मीडिया में आई खबरों का उल्लेख किया गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इनमें से एक वाहन भाजपा नेत्री जूही तिवारी का बताया जा रहा है और इससे पहले भी उनका नाम लकड़ी तस्करी से जुड़े विवाद में सामने आया था। संगठन ने इस मामले में विभागीय कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की।

मर्दापाल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र कोर्राम ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में अवैध लकड़ी तस्करी का कारोबार वन मंत्री केदार कश्यप और कोंडागांव विधायक लता उसेंडी के संरक्षण में फल–फूल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि इस कारोबार पर राजनीतिक संरक्षण नहीं है, तो मर्दापाल क्षेत्र में पेड़ों की कटाई और लकड़ी की तस्करी पर प्रभावी रोक लगनी चाहिए। ये आरोप कांग्रेस अध्यक्ष ने ज्ञापन के दौरान लगाए। कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि लकड़ी तस्करी के मामलों में पकड़े गए वाहनों को नियमानुसार राजसात करने की कार्रवाई की जाए और संबंधित आरोपियों के विरुद्ध विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई हो। संगठन ने कहा कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई से अवैध कटाई और तस्करी पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। देवेंद्र कोर्राम ने कहा कि कांग्रेस ने मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उचित कार्रवाई नहीं हुई या कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता की गई, तो कांग्रेस पार्टी बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी।

छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज ने की प्रभारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की संभागीय बैठक का आयोजन पंचवटी, केशकाल में किया गया। संभागीय अध्यक्ष तरुण सिंह धाकड़, डड़सेना कलार समाज के संभागीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम गजेंन्द्र,कलार समाज के संभागीय अध्यक्ष कमल किशोर कश्यप की अध्यक्षता में समाज के संगठन विस्तार, ओबीसी समाज की प्रमुख मांगों और आगामी आंदोलन की रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में समाज के संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संभाग एवं विभिन्न जिलों के प्रभारियों की घोषणा की गई। इसके साथ ही ओबीसी समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण देने तथा राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी समाज का पृथक कॉलम शामिल करने और जातिगत जनगणना कराए जाने की मांग को लेकर रणनीति बनाई गई।

18 अक्टूबर को जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन और विधानसभा सत्र की तैयारी : बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 18 अक्टूबर को बस्तर संभाग की सभी विधानसभाओं के साथ-साथ मोहला-



मानपुर और सिहावा-नगरी क्षेत्र के स्थानीय विधायकों तथा सांसदों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस ज्ञापन के माध्यम से आगामी विधानसभा सत्र में ओबीसी समाज के 27 प्रतिशत आरक्षण की लंबित मांग को प्रमुखता से उठाने और सदन में आवाज बुलंद करने का आग्रह किया जाएगा।

ओबीसी समाज की न्यायोचित मांगों को लेकर 31 अक्टूबर को सुकमा जिला मुख्यालय में एक विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। केशकाल की बैठक में इस प्रदर्शन की व्यापक तैयारियों और रणनीतियों को लेकर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों के मध्य विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।



इंस्पायर अवॉर्ड मानक प्रतियोगिता में शामिल होंगी मिथिला

कोण्डागांव/बड़े बेंद्री। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े बेंद्री की छात्र मिथिला कोर्राम राष्ट्रीय स्तर की इंस्पायर अवॉर्ड मानक प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता 12 से 14 अक्टूबर तक दिल्ली में आयोजित होगी। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन हुआ है। इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

मिथिला कोर्राम ने विद्यालय के प्राचार्य संजय ठाकुर के संरक्षण तथा मार्गदर्शक शिक्षक अंकित गुप्ता और दिलीप कश्यप के मार्गदर्शन में यह सफलता हासिल की। इस उपलब्धि में शिक्षक अली बख्श शेख और सरिता मांझी का भी विशेष सहयोग रहा। शिक्षकों के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से मिथिला को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है।

राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होने से पहले मिथिला कोर्राम ने विद्यालय के प्राचार्य संजय ठाकुर और मार्गदर्शक शिक्षक अंकित गुप्ता के साथ कलेक्टर सुश्री नूपुर राशि पन्ना से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान और इंस्पायर अवॉर्ड के जिला नोडल अधिकारी सियाराम नेताम भी उपस्थित रहे।

टीबी मुक्त भारत अभियान, जिले में जोश टीम का शुभारंभ

कोण्डागांव। भारत सरकार के टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में टीबी रोग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और टीबी मुक्त पंचायत का लक्ष्य हासिल करने के उद्देश्य से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में टीबी मुक्त भारत टीम जोश टीम के उन्मुखीकरण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2025 में टीबी मुक्त घोषित ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

- 244 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किए जाने पर सरपंचों और जनप्रतिनिधियों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान टीबी रोग की पहचान, उपचार, खान–पान और आवश्यक सावधानियों के संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए



'जोश टीम' का शुभारंभ किया गया। एनसीसी, एनएसएस एवं माय भारत के स्वयंसेवकों के सहयोग से गठित ये टीमें जिले के सभी विकासखंडों में टीबी उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान चलाएंगी।

वर्ष 2025 में जिले की कुल 384 ग्राम पंचायतों में से 244 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया। इस उपलब्धि के लिए संबंधित पंचायतों के सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों को श्रीफल, गांधीजी का स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में वर्ष 2026 के दौरान जिले की शेष पंचायतों सहित अधिक से अधिक ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। अधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए जनभागीदारी बढ़ाने और पंचायत स्तर तक जागरूकता गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया। जोश टीम के सदस्य ग्रामीण एवं सामुदायिक स्तर पर लोगों को टीबी के लक्षणों की पहचान, समय पर जांच और उपचार के लिए प्रेरित करेंगे। इसके साथ ही पौष्टिक खान–पान, नियमित उपचार पूरा करने तथा टीबी से बचाव संबंधी सावधानियों के बारे में भी जानकारी देंगे।

पोषण माह में आंगन मिलन का आयोजन

कोण्डागांव। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह के अंतर्गत 8 अक्टूबर को ग्राम पंचायत चिखलपुटी के आंगनबाड़ी केंद्र में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक लता उसेंडी, जनपद सदस्य लीलावती नाग, सरपंच राजेश्वरी सोढ़ी एवं उपसरपंच सुरेश राम मांझी की उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित सेवाओं को जन–जन तक पहुंचाना, महिलाओं एवं बच्चों को स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक करना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की



जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाना रहा। इस दौरान आंगनबाड़ी सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विभागीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में समाज एवं समुदाय के हित में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, मितानिनों तथा स्व–सहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महिला एवं बाल स्वास्थ्य, पोषण, बच्चों की देखभाल तथा शासकीय योजनाओं के प्रचार–प्रसार के क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। साथ ही उन्हें भविष्य में भी समर्पण और सेवाभाव के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।



खबर संक्षेप

हेडमास्टर ने बच्चों को खिलाई खीर-पूड़ी सब्जी



बस्तर। बस्तर ब्लॉक के शासकीय माध्यमिक शाला खरखोसा में न्योता भोज का आयोजन किया गया। शाला के हेडमास्टर युगल कौशिक ने यह विशेष भोज कार्यक्रम रखा था। इस दौरान शाला प्रांगण के सभी स्कूली बच्चों को स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। बच्चों को खीर, पूरी और सब्जी बनाकर प्रेमपूर्वक खिलाया गया। मध्यान्ह भोजन के साथ आयोजित इस न्योता भोज में बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। बच्चों ने पूरे आनंद के साथ भोजन किया। कार्यक्रम में शाला परिवार के शिक्षक, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, गांव के गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ जन और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। सभी ने हेडमास्टर युगल कौशिक के पहल की सराहना की। हेडमास्टर ने कहा कि न्योता भोज योजना का उद्देश्य बच्चों में सामुदायिक सहभागिता और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। बच्चों के साथ खुशी बांटने से आत्मीयता बढ़ती है। ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से शाला और समुदाय के बीच संबंध मजबूत होते हैं।

तिलेश्वरी व ट्रस्टी ने हासिल किया प्रथम स्थान



बीजापुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने और उनमें राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से एकलव्य विद्यालय बीजापुर में 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रत्येक विकासखंड से भाषण विधा में 5 तथा चित्रकला विधा में 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रकार चारों विकासखंडों से कुल 100 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में नवीन प्राथमिक शाला कर्रेमरका की छात्रा तिलेश्वरी यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में एकलव्य विद्यालय बीजापुर की छात्रा ट्रस्टी कुंजाम ने अपनी आकर्षक एवं संदेशपूर्ण कलाकृति के माध्यम से प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आश्रम छात्रावासों और पोटाकेबिनों की व्यवस्था पर उठे सवाल

छात्रों की सुरक्षा, भोजन की गुणवत्ता और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

सुकमा जिले के आश्रम छात्रावासों एवं पोटा केबिनों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, भोजन और मूलभूत सुविधाओं को लेकर व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई गई है। इस संबंध में 9 अक्टूबर 2026 को जिला कलेक्टर सुकमा को ज्ञापन सौंपकर छात्रावासों की स्थिति में सुधार करने तथा विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

- लापरवाही से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव

ज्ञापन में कहा गया है कि आश्रम छात्रावासों एवं पोटा केबिनों में रहने वाले विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ अपने दैनिक जीवन की आवश्यकताओं के लिए भी संस्थागत व्यवस्था पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा, पौष्टिक भोजन, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधाओं और नियमित देखरेख की जिम्मेदारी संबंधित विभागों एवं छात्रावास प्रबंधन की है। इन व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है।





शैक्षणिक वातावरण पर जोर

ज्ञापन में छात्रावासों की व्यवस्थाओं में सुधार के साथ-साथ विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की मांग की गई है। नियमित निरीक्षण, व्यवस्थाओं की समीक्षा तथा संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने से ही व्यवस्था में सुधार संभव है। छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों की उपस्थिति, दैनिक दिनचर्या और आवश्यक सुविधाओं पर भी उचित ध्यान देने की जरूरत बताई गई है। ज्ञापन में पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग भी शामिल है। साथ ही, विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका शीघ्र समाधान करने का आग्रह किया गया है।

सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग

जिले के सभी आश्रम छात्रावासों एवं पोटा केबिनों में सुरक्षा और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। छात्रावासों में सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा गार्ड और रात्रिकालीन निगरानी जैसी व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाने की मांग की गई है, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण मिल सके। साथ ही, छात्रावासों में होने वाली गतिविधियों की नियमित निगरानी और जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा निरीक्षण सुनिश्चित करने की बात कही गई है।

रसोईघरों की नियमित, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की हो निगरानी

छात्रावासों में रहने वाले बच्चों को समय पर पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना भी ज्ञापन का प्रमुख मुद्दा है। इसमें रसोईघरों की नियमित जांच, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की निगरानी तथा भोजन व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की गई है। विद्यार्थियों को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप भोजन मिल रहा है या नहीं, इसकी जांच के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने की आवश्यकता बताई गई है।

स्वास्थ्य सुविधाओं पर ध्यान देने की जरूरत

ज्ञापन में छात्रावासों में प्राथमिक उपचार की व्यवस्था मजबूत करने तथा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। किसी भी गंभीर घटना या स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति में जिम्मेदारी तय करने और समय पर उपचार उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है। इसके साथ ही, विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित मामलों में लापरवाही पाए जाने पर जवाबदेही निर्धारित करने की मांग भी की गई है।

शिकायत सुनने की व्यवस्था बने

विद्यार्थियों को अपनी समस्याएं रखने के लिए उचित मंच उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर भी ध्यान आकर्षित किया गया है। ज्ञापन में प्रत्येक छात्रावास में शिकायत एवं सुझाव व्यवस्था विकसित करने की मांग की गई है, ताकि विद्यार्थी बिना किसी भय के अपनी समस्याएं जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचा सकें। शिकायतों का समयबद्ध निराकरण हो और विद्यार्थियों को उसका लाभ मिले, इसके लिए निगरानी तंत्र विकसित करने की बात कही गई है।

प्रशासन को करनी होगी पहल

अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इन मांगों पर कितनी गंभीरता से पहल करता है। आश्रम छात्रावासों और पोटा केबिनों में रहने वाले विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि है। इसलिए आवश्यक है कि संबंधित विभाग समय-समय पर निरीक्षण करें, कमियों को दूर करें और विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ तथा बेहतर सुविधाओं वाला वातावरण उपलब्ध कराएं।

दण्डक ब्रांड से बाजार में पहचान बनाएंगे दंतेवाड़ा के जैविक उत्पाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने, स्थानीय कृषि उत्पादों को बाजार से जोड़ने और स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत माँ दंतेश्वरी महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की

- आत्मनिर्भर बनेंगी महिला समूहों की दीदियां

'दण्डक ब्रांड' दुकान का शुभारंभ आज चितालंका में किया गया। इस पहल से स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिलने के साथ ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

दुकान का शुभारंभ विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जनपद पंचायत कुआकोंडा अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया। दुकान के माध्यम से नीमफूल, एचएमटी चावल, बासमती चावल, लालचुड़ी चावल, अमचूर, इमली, महुआ, कोदो, कुटकी और रागी जैसे स्थानीय उत्पादों को दण्डक ब्रांड के नाम से बाजार में उपलब्ध कराया जाएगा। उत्पादों की आकर्षक पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मूल्य संवर्धन के माध्यम से उनकी गुणवत्ता और बाजार तक पहुंच को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि जैविक खेती की यह पहल भविष्य में बड़े अवसरों का आधार बन सकती है। लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर शुद्ध और पौष्टिक भोजन को प्राथमिकता दे रहे हैं। ऐसे में प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हुए जैविक खेती को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। इससे उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ मिलेंगे और किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

माँ दंतेश्वरी महिला एफपीओ से जुड़े लगभग 60 उत्पादक समूहों की 2,500 महिला सदस्यों को इस पहल से लाभ मिलने की उम्मीद है। स्थानीय उत्पादों को व्यवस्थित बाजार उपलब्ध कराने से ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार और आय के नए अवसर सृजित होंगे। इनमें एचएमटी और बासमती चावल की कीमत 75 रुपये प्रति किलो, नीमफूल चावल की कीमत 70 रुपये प्रति किलो, लालचुड़ी चावल की कीमत 68 रुपये प्रति किलो तथा चिकला चावल की कीमत 65 रुपये प्रति किलो निर्धारित है।

इस प्रकार इनमें एचएमटी और बासमती चावल के 10-10 किलो की कीमत 750-750 रुपये, नीमफूल के 10 किलो की कीमत 700 रुपये, लालचुड़ी के 10 किलो की कीमत 680 रुपये और चिकला के 10 किलो की कीमत 650 रुपये है। इस प्रकार पांचों किस्मों के कुल 50 किलो चावल की कीमत 3,530 रुपये होती है। कार्यक्रम में जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों सहित उप संचालक पंचायत तरुण देशमुख, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रांजल प्रजापति,एफपीओ के सीईओ अभिजीत सरकार, बिहान की टीम, निदेशक मंडल के सदस्य और स्व-सहायता समूहों की दीदियां उपस्थित रहीं।



महिलाओं को सशक्त बनने का अवसर मिलेगा

विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि पहले जैविक खेती को लेकर केवल चर्चा होती थी, लेकिन अब इसे व्यवस्थित व्यवसाय से जोड़ने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। स्व-सहायता समूहों की दीदियां उत्पादन के साथ पैकेजिंग, बिक्री और विपणन में भी भागीदारी निभाएंगी। इससे किसानों को अपने उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त करने और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को पर्यटकों और व्यापक बाजारों तक पहुंचाने के लिए गुणवत्ता, आकर्षक पैकेजिंग और नियमित आपूर्ति पर ध्यान देना जरूरी है।

बड़े तुमनार में सेवा सेतु कार्यक्रम हुआ



गीदम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन सेवा से देश सेवा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चल रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड गीदम के बड़े तुमनार में सेवा सेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभाग के अनुसार तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर पावन भैरम बाबा मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन कर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि आस्था, सेवा और जनभागीदारी का यह संगम हमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और विकास का संकल्प पहुंचाने की प्रेरणा देता है। गांव, गरीब, किसान, युवा और मातृशक्ति के कल्याण के लिए समर्पित जनसेवा की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी। सेवा सेतु जैसे कार्यक्रम शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं, जिससे योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी और प्रभावी बनता है।

बीजापुर की पांच बेटियों को मिला रोजगार का अवसर

सीएम के हाथों चन्द्रकला ने प्राप्त किया ऑफर लेटर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिले की बेटियां तकनीकी शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भरता और उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ा रही हैं। इसी कड़ी में शासकीय पॉलीटेक्निक बीजापुर की पांच छात्राओं को राज्य स्तरीय रोजगार मेले में प्रतिष्ठित कंपनी से रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। छात्राओं की इस उपलब्धि से संस्थान में उत्साह का माहौल है। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग, रायपुर द्वारा 7 एवं 8 अक्टूबर को रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार मेले में शासकीय पॉलीटेक्निक बीजापुर की पांच छात्राओं का रोजगार हेतु चयन किया गया। मेले में मेसर्स सन ब्राइट मैनपावर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा छात्राओं को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री के हाथों चन्द्रकला कडियामी को मिला ऑफर लेटर-रोजगार मेले में संस्थान की छात्रा सुश्री चन्द्रकला कड़ियामी को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों ऑफर लेटर प्राप्त करने का अवसर मिला। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा भी उपस्थित रहे। रोजगार के लिए चयनित छात्राओं में चन्द्रकला कड़ियामी, वीना पोंडी, सुप्रिया पुजारी, करीना कुड़यिम एवं दामिनी नेताम शामिल हैं। सभी पांच छात्राओं को मेसर्स सन ब्राइट मैनपावर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रोजगार के लिए ऑफर लेटर प्रदान किए गए।

तकनीकी शिक्षा से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहीं जिले की बेटियां- शासकीय पॉलीटेक्निक बीजापुर की छात्राओं को राज्य स्तरीय रोजगार मेले में मिले अवसर जिले में तकनीकी शिक्षा के प्रति बढ़ती रुचि और युवाओं के लिए उपलब्ध हो रहे रोजगार के अवसरों को दर्शाते हैं।

विद्यार्थी आईआईटी भिलाई और स्टील प्लांट में जानेंगे तकनीक व नवाचार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिले के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ व्यावहारिक ज्ञान, आधुनिक तकनीक और उच्च शिक्षा के नए अवसरों से परिचित कराने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल की गई है। इसी कड़ी में स्वामी आत्मानंद हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के 20 विद्यार्थियों को चार दिवसीय एजुकेशन एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत भिलाई के लिए रवाना

- कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर 20 विद्यार्थियों को किया रवाना

किया गया। कलेक्टर विश्वदीप ने विद्यार्थियों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शैक्षणिक भ्रमण का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थी देश के प्रतिष्ठित तकनीकी शिक्षण संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई तथा भिलाई स्टील प्लांट का भ्रमण करेंगे। यहां उन्हें औद्योगिक विकास, आधुनिक मशीनों, वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और उच्च शिक्षा की संभावनाओं को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा। भिलाई स्टील प्लांट में जानेंगे इस्पात उत्पादन और आधुनिक औद्योगिक तकनीक- भ्रमण के दौरान विद्यार्थी भिलाई स्टील प्लांट में इस्पात उत्पादन की विभिन्न प्रक्रियाओं, अत्याधुनिक मशीनों, औद्योगिक तकनीक और संयंत्र की कार्यप्रणाली से परिचित होंगे। उन्हें कच्चे माल से इस्पात निर्माण तक की प्रक्रिया तथा इसमें विज्ञान, इंजीनियरिंग, आधुनिक तकनीक और कुशल मानव संसाधन की भूमिका को समझने का अवसर मिलेगा। यह अनुभव विद्यार्थियों को विज्ञान एवं तकनीक के व्यावहारिक उपयोग से परिचित कराने के साथ औद्योगिक क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार और करियर की संभावनाओं के प्रति जागरूक करेगा।

साथ ही विद्यार्थियों में तकनीकी विषयों के प्रति रुचि विकसित होगी और भविष्य में अपनी अभिरुचि एवं क्षमता के अनुरूप करियर चयन करने में सहायता मिलेगी। आईआईटी भिलाई में उच्च शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार की दुनिया से होंगे रूबरू- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा, इंजीनियरिंग, वैज्ञानिक अनुसंधान, नवाचार और आधुनिक शैक्षणिक वातावरण को करीब से देखने एवं समझने का अवसर मिलेगा।

बीएलओ और सुपरवाइजरों की बैठक में हुई चर्चा

दंतेवाड़ा। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची में छूटे हुए मतदाताओं तथा पहली बार मतदान के लिए पात्र युवाओं के नाम जोड़ने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के प्रभावी संचालन एवं प्रगति की समीक्षा के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में 09 अक्टूबर 2026 को बीएलओ एवं सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के तृतीय तल स्थित सभाकक्ष में तहसीलवार आयोजित की गई। इसमें गीदम एवं बारसूर तहसील के बीएलओ और सुपरवाइजरों की बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक, दंतेवाड़ा एवं कटेकल्याण तहसील की बैठक दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक तथा कुआकोण्डा एवं बड़ेबचेली तहसील की बैठक दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक निर्धारित की गई। बैठक का उद्देश्य मतदाता सूची में पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने की प्रक्रिया को गति देना तथा विशेष अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करना है।

खिलाड़ियों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने प्राचार्यों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर द्वारा आज जिले के अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बस्तर ओलंपिक खेलों में 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के सभी पात्र खिलाड़ियों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर आशीष वर्मा ने विद्यार्थियों की आधार आईडी जनरेट करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आधार कार्ड में नाम, जन्मतिथि सहित अन्य विवरणों में मौजूद त्रुटियों के सुधार की प्रक्रिया समझाते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया, ताकि पंजीयन के दौरान विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर ने सभी प्राचार्यों से कहा कि वे अपने विद्यालयों में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों का पंजीयन समय-सीमा में पूर्ण कराएं। उन्होंने बस्तर ओलंपिक को ग्रामीण एवं स्थानीय खेल प्रतिभाओं को सामने लाने का महत्वपूर्ण मंच बताते हुए सभी विद्यालयों को समन्वय के साथ कार्य करने तथा प्रत्येक पात्र खिलाड़ी की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस बैठक के दौरान स्कूल के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।



भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु प्रवेश प्रक्रिया पर कार्यशाला



गीदम। अग्निवीर वायु भर्ती को लेकर जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना के अधिकारियों ने युवाओं को प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। भारतीय वायु सेना देश की सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र में युवाओं को जोड़ने के लिए निरंतर नई और पारदर्शी चयन प्रक्रियाएं अपना रही है। इसी दिशा में 'अग्निवीरवायु' प्रवेश प्रक्रिया को लेकर वायु सेना मुख्यालय द्वारा रूपरेखा और दिशा-निर्देश तैयार किए गए हैं, जो युवाओं के लिए सेवा का सुनहरा अवसर है। इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य ऊर्जावान और योग्य युवाओं का चयन कर उन्हें तकनीकी और गैर-तकनीकी संकायों में सेवा का अवसर देना है। चयन प्रक्रिया के सुचारू संचालन में जूनियर वारंट ऑफिसर स्तर के अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में जेडब्ल्यूओ आनंद राज और जेडब्ल्यूओ एके सिंह ने प्रशासनिक और प्रबंधन कार्यों तथा अनुशासन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एयरमैन के रूप में सेवा शुरू कर अपनी मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन से वे इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उनका अनुभव भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और सटीक बनाने में मदद करता है। कार्यशाला में अधिकारियों ने बच्चों से सवाल-जवाब किए और सही जवाब देने वालों को पुरस्कार प्रदान किया। भारतीय वायु सेना के अधिकारियों द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। महाविद्यालय प्रबंधन ने जिला प्रशासन दंतेवाड़ा का आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन में यह कार्यशाला सफलतापूर्वक आयोजित हुई।

अधिकारी के प्रयासों से पशुओं में रोग उदभेद पर लगाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

सेवा संकल्प अभियान के तहत गीदम ब्लॉक के पशु औषधालय कारली क्षेत्र में राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पशुओं के शत-प्रतिशत टीकाकरण का कार्य निरंतर जारी है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रभारी अधिकारी के अथक प्रयासों से क्षेत्र में रोग उदभेद पर प्रभावी लगाम लगाई गई है। प्रभारी पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी दिलीप दुर्गम ने बताया कि क्षेत्र में विगत 20 वर्षों से पशुओं को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित करने के लिए लगातार टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। उनके अनुसार बड़े पशुओं में खुरपका-मुंहपका जैसी घातक बीमारी से बचाव के लिए अब तक 1.55 लाख पशुओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण संपन्न किया जा चुका है। इसके परिणामस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में इस बीमारी का एक भी प्रकरण सामने नहीं आया है। इसी तरह गलघोंटू जैसी बीमारी के लिए भी शत-प्रतिशत टीकाकरण किया गया है। अब तक लगभग 84 000 पशुओं का टीकाकरण पूरा कर लिया गया है। इससे पशुओं को इस जानलेवा बीमारी से सुरक्षित रखा जा सका है। पशुओं में तेजी से फैलने वाली लंपी स्किन डिजीज को लेकर भी विभाग सतर्क है। क्षेत्र में लगातार टीकाकरण किए जाने से इस वर्ष लंपी का एक भी मामला सामने नहीं आया है, जो विभाग की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। वहीं छोटे पशुओं, विशेषकर बकरियों में होने वाली पीपीआर और ईटी जैसी बीमारियों से बचाव के लिए भी व्यापक अभियान चलाया गया। अब तक 76 हजार से अधिक बकरियों का टीकाकरण संपन्न कर उन्हें रोग उदभेद से बचाया गया है। प्रभारी पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी दिलीप दुर्गम ने बताया कि समय पर टीकाकरण से न केवल पशुओं की मृत्यु दर में कमी आई है, बल्कि पशुपालकों को आर्थिक नुकसान से भी बचाया जा सका है। स्वस्थ पशु होने से दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि हुई है। विभाग द्वारा गांव-गांव जाकर पशुपालकों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक भी किया जा रहा है। सेवा संकल्प अभियान के तहत इस कार्य को और गति दी गई है। ग्रामीणों ने भी पशु विभाग के इस प्रयास की सराहना की है।



खबर संक्षेप

काछनगुड़ी में चरणदास महंत ने की देवी की पूजा अर्चना



जगदलपुर। पनका समाज की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। समाज की ऐतिहासिक पुस्तक का विमोचन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चरण दास महंत की उपस्थिति में काछन गुड़ी में किया गया। इस अवसर पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल सहित पनका समाज के प्रतिनिधि एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महंत ने काछन गुड़ी में पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात पनका समाज के इतिहास, परंपराओं, सांस्कृतिक पहचान एवं सामाजिक विरासत पर आधारित ऐतिहासिक पुस्तक का विमोचन किया । इस पुस्तक को प्रेम सागर पनका एवं भुवनेश्वर पनका ने लिखा है। पुस्तक का उद्देश्य पनका समाज के इतिहास, सांस्कृतिक परंपराओं और ऐतिहासिक योगदान को संकलित कर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना है।इस अवसर पर उपस्थित सामाजिक प्रतिनिधियों ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक पहचान उसके इतिहास, संस्कृति, परंपराओं और पूर्वजों के योगदान से बनती है। इसलिए समाज के इतिहास का दस्तावेजीकरण करना और उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। यह पुस्तक समाज की ऐतिहासिक पहचान को समझने तथा सामाजिक चेतना को मजबूत करने की दिशा में एक प्रयास है। कार्यक्रम में धरमु राम कश्यप उपस्थित थे।

ज्ञानेश कुमार का किया पुतला दहन



कोन्टा। जिला कांग्रेस कमेटी सुकमा के निर्देशानुसार कोंटा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने वोट चोरी के मुद्दे को उठाते हुए लोकतंत्र की रक्षा और निष्पक्ष चुनाव की मांग की।इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोंटा के अध्यक्ष सैयद उस्मान अली नूर ने केंद्र सरकार पर वोट चोरी के जरिए लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का वोट उसकी सबसे बड़ी ताकत है और उस ताकत के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ देश के लोकतांत्रिक मूल्यों पर गंभीर सवाल खड़े करता है। जनता के मताधिकार का सम्मान और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना लोकतंत्र की मजबूती के लिए बेहद जरूरी है।

प्रदेश अध्यक्ष को दशहरा का दिया न्योता



जगदलपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव को राजधानी रायपुर स्थित निवास में बस्तर दशहरा समिति के प्रतिनिधि मंडल ने पारंपरिक पागा पहनाकर बस्तर दशहरा के लिए आमंत्रित किया । प्रतिनिधिमंडल में सांसद महेश कश्यप के साथ अनेक मांझी शामिल थे।

गड्ढों से राहत दिलाने सड़कों पर उतरा पीडब्ल्यूडी, पेचवर्क का काम तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बारिश और भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण सड़कों पर बने गड्ढों को भरने के लिए लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर संभाग जगदलपुर ने शहर में मरम्मत कार्य तेज कर दिया है। नागरिकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग द्वारा सड़कों के गड्ढों को भरने और पेचवर्क का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। इससे राहगीरों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से राहत मिलने के साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की आशंका कम करने में मदद मिलेगी। शहर और आसपास के क्षेत्रों में बारिश के दौरान सड़कों की सतह क्षतिग्रस्त होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए सड़क पर बने गड्ढे दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। वहीं भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कों पर दबाव बढ़ने के कारण कई स्थानों पर मरम्मत की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसे देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने गड्ढों को भरने और क्षतिग्रस्त हिस्सों पर पेचवर्क कराने का काम प्राथमिकता से शुरू किया है। शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता भावेश सिंह और एसडीओ जीपी पात्र ने निमार्णाधीन मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान ठेकेदार दीप भदौरिया भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर चल रहे कार्यों का जायजा लिया और सड़क मरम्मत की प्रगति का निरीक्षण किया।

बारिश व भारी वाहनों से खराब हुई सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता से जारी



सड़कों को सुरक्षित और सुगम बनाना विभाग का उद्देश्य

पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता श्री सिंह ने बताया कि विभाग का उद्देश्य सड़कों को आवागमन के लिए सुरक्षित और सुगम बनाना है। गड्ढों की मरम्मत होने से वाहन चालकों को राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं की आशंका में कमी आएगी। बारिश के कारण सड़कें खराब होने की स्थिति में समय पर मरम्मत करना जरूरी है, ताकि नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो।

पूर्व विधायक संतोष बाफना ने प्रधानमंत्री को भेजा मांग पत्र

जोरानाला विवाद का स्थायी समाधान किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर की प्राणदायिनी नदी इंद्रावती तथा उससे जुड़े जोरानाला जल विवाद के स्थायी एवं न्यायसंगत समाधान हेतु पूर्व विधायक संतोष बाफना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं जल संसाधन मंत्री सी.आर. पाटिल सहित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र भेजकर ध्यान आकर्षित कराया है। हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री की पहल पर छत्तीसगढ़ और ओडिशा के मुख्यमंत्रियों के मध्य महानदी जल विवाद को सुलझाने के लिए शुरू हुआ उच्चस्तरीय संवाद की सराहना की है।उन्होंने महानदी जल विवाद की तर्ज पर इंद्रावती-जोरानाला विवाद को भी प्राथमिकता के आधार पर वार्ता की मेज पर लाये जाने को आवश्यक बताया है। पत्र में ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा है कि 1975 में मध्य प्रदेश व ओडिशा के द्विपक्षीय समझौते के तहत ओडिशा को 'ऊपरी इंद्रावती परियोजना' की अनुमति मिली थी। तत्पश्चात 1979 के प्रावधान में पूरे वर्षभर इंद्रावती से छत्तीसगढ़ की ओर कुल 45 टीएमसी पानी के प्रवाह का नियम तय हुआ, लेकिन किस महीने कितना पानी छोड़ा जाएगा, यह तय नहीं था। इसी कमी का लाभ उठाकर ओडिशा मानसून में खातीगुड़ा बांध भर जाने पर अचानक अनियंत्रित पानी छोड़ देता है, जबकि गर्मी में पानी रोक लेता है। इस समस्या को दूर करने 24 दिसंबर 2003 को हुए अनुपूरक समझौते में गैर-मानसून अवधि नवंबर से जून में कुल 9 टीएमसी पानी में से छत्तीसगढ़ को 4.5 टीएमसी व ओडिशा को 4.5 टीएमसी पानी देने पर सहमति बनी, जिसके लिए लगभग 49.37 करोड़ की लागत से छत्तीसगढ़ द्वारा जोरानाला के मुहाने पर कंट्रोल स्ट्रक्चर बनाया गया था।वर्तमान संकट और विफलता को रेखांकित करते हुए बाफना ने बताया है कि जोरानाला के मुहाने पर गाद व रेत जमा होने तथा 2003 में बने कंट्रोल स्ट्रक्चर में असामाजिक तत्वों द्वारा की गई तोड़-फोड़ के कारण गैर-मानसून में बस्तर को उसके हक का 4.5 टीएमसी पानी नहीं मिल पाता है। इससे गर्मी में इंद्रावती नदी सूखने लगती है और प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात का अस्तित्व संकट में पड़ जाता है। वहीं दूसरी ओर, वर्षा ऋतु में खातीगुड़ा बांध से अचानक अनियंत्रित पानी छोड़े जाने के कारण बस्तर में हाल ही में ऐतिहासिक एवं भीषण बाढ़ आई, जिससे शहर व तटीय क्षेत्रों के सैकड़ों गांव जलमग्न हो गए, हजारों एकड़ फसलें नष्ट हुईं और सैकड़ों परिवार बेघर होकर खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं।

- गर्मी में बूंद-बूंद पानी को तरसता है बस्तर, मानसून में ओडिशा के अनियंत्रित पानी से बेघर हो रहे लोग
- केंद्र और दोनों राज्यों में भाजपा सरकार होने से जगी समाधान की उम्मीद



महानदी की तर्ज पर दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाई जाए

पूर्व विधायक ने कहा है कि पूर्व में राज्यों में अलग-अलग दलों की सरकारें होने से अंतर-राज्यीय समन्वय का अभाव रहता था, किंतु अब केंद्र के साथ छत्तीसगढ़ व ओडिशा तीनों जगह भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने से आपसी संवाद से वर्षों पुरानी समस्या का स्थाई हल संभव है। उन्होंने प्रधानमंत्री से मांग की है कि महानदी की तर्ज पर दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों की विशेष बैठक बुलाई जाए, जोरानाला पर क्षतिग्रस्त कंट्रोल स्ट्रक्चर का पुनः मजबूत निर्माण कराकर वहां निगरानी हेतु सीसीटीवी, सुरक्षा बल, ज्वाइंट गेजिंग स्टेशन स्थापित किया जाये एवं गाद की सफाई कराकर गर्मी में बस्तर को 4.5 टीएमसी जल प्रवाह की गारंटी दी जाये तथा बाढ़ से बचाव हेतु खातीगुड़ा बांध से पानी छोड़ने का पारदर्शी 'अर्ली वार्निंग सिस्टम' पूर्व सूचना तंत्र विकसित किया जाये।

हाथों में झाड़ू थाम वन मंत्री केदार ने किया श्रमदान



जगदलपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत चपका स्थित ऐतिहासिक मंदिर परिसर के समीप मारकंडी नदी घाट तथा प्राकृतिक जल कुंड पर व्यापक स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस महाअभियान का नेतृत्व वन मंत्री केदार कश्यप ने किया। उन्होंने स्वयं हाथों में झाड़ू और सफाई उपकरण थामकर घाट व जल कुंड की सफाई की। उनके साथ जिला पंचायत बस्तर की अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप, जनपद पंचायत बस्तर के अध्यक्ष संतोष बघेल तथा जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान ने भी सक्रिय रूप से श्रमदान किया। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर मारकंडी नदी तट और मंदिर परिसर के आसपास फैले कचरे व प्लास्टिक को पूरी तरह साफ किया। इस कार्य में विकास विस्तार अधिकारी चंद्रशेखर जैन, सरपंच पीलीबाई कश्यप सहित स्वच्छ भारत मिशन की टीम और स्थानीय ग्रामीण शामिल रहे, जिन्होंने अंत में जलस्रोतों को स्वच्छ रखने का सामूहिक संकल्प लिया।

अराजकता फैलाने की राजनीति कर रही कांग्रेस : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

महापौर संजय पाण्डेय ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के मुद्दे पर कांग्रेस और विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा, विकास की गति और मजबूत होती अंतरराष्ट्रीय भूमिका से परेशान विपक्ष अब संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाकर नकारात्मक राजनीति कर रहा है। जनता के बीच अपने राजनीतिक मुद्दों को प्रभावी ढंग से रखने में विफल विपक्ष सड़क पर टकराव और संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने बुनियादी ढांचे, डिजिटल सेवाओं, कनेक्टिविटी, अंतरिक्ष कार्यक्रम और वैश्विक कूटनीति सहित कई क्षेत्रों में अपनी पहचान मजबूत की है। भारत आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी बात मजबूती से रख रहा है और वैश्विक मामलों में उसकी भूमिका लगातार महत्वपूर्ण हुई है। देश की इस प्रगति पर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सकारात्मक सुझाव देने के बजाय कांग्रेस हर उपलब्धि में खामी तलाशने और हर मुद्दे को राजनीतिक विवाद बनाने में जुटी है।

- महापौर ने कहा भारत का बढ़ता कद विपक्ष को खटक रहा



संविधान की किताब लेकर संवैधानिक मर्यादा का उल्लंघन

महापौर ने कहा कि कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ उसकी आपत्ति का समाधान संवैधानिक प्रक्रिया से चाहिए या वह इसे राजनीतिक टकराव का हथियार बनाना चाहती है। उन्होंने सवाल उठाया कि संविधान की किताब हाथ में लेकर लोकतंत्र की दुहाई देने वाले नेता अराजकता को ही राजनीति का आधार क्यों बना रहे हैं? जब सर्वोच्च न्यायालय सबूत मांगती है और शपथ पत्र देने को कहती है तब राहुल गांधी भाग खड़े होते हैं। संवैधानिक संस्थाओं,चुनाव आयोग,कोर्ट, जांच एजेंसियों के ख़िलाफ़ अराजक बातें करना और फिर माफ़ी माँग लेना यही कांग्रेस की नियति बन गई है । उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करना और हर निर्णय को राजनीतिक संघर्ष में बदल देना जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका नहीं हो सकती।

राहुल-प्रियंका से महिला पुलिसकर्मियों के सम्मान पर सवाल

संजय पाण्डेय ने दिल्ली में विपक्षी प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों के साथ कथित धक्का-मुक्की और दुर्व्यवहार के विवाद को लेकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि महिला अधिकारों और सम्मान की बात करने वाले नेताओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राजनीतिक प्रदर्शनों में महिला पुलिसकर्मियों के साथ भी सम्मानजनक व्यवहार हो। किसी भी आरोप की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और कानून उल्लंघन प्रमाणित होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में कोई भी नेता कानून से ऊपर नहीं है। राजनीतिक विरोध के नाम पर पुलिसकर्मियों के सम्मान और सार्वजनिक व्यवस्था की अनदेखी को सही नहीं ठहराया जा सकता।

तेज रफ्तार टोचन वाहन की टक्कर से आठ माह के गर्भस्थ शिशु की मौत, छह लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

परपा थाना क्षेत्र के पण्डरीपानी टाटा शो रूम के सामने गुरूवार देर शाम तेज रफ्तार टोचन वाहन ने सामने से आ रही कार, ऑटो व कई बाईक कोटक्कर मार दी थी। इस हादसे में ऑटो में सवार दो महिला समेत तीन लोग गभींर रूप से घायल हो गए थे। इसी हादसे में घायल गर्भवती महिला के गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई है वहीं शेष घायलों का उपचार जारी है।

गौरतलब है कि देर शाम हुए सड़क हादसे में टोचन वाहन ने ऑटो के अलावा कार व बाईक को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में ऑटो सवार तीन यात्री व बाईक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान गर्भवती महिला वैशाखी मौर्य 25 वर्ष निवासी तोकापाल बाजारपारा के आठ माह के गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। महिला समेत अन्य घायलों का उपचार मेकाज में जारी है। मामले में परपा पुलिस टोचन वाहन के चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

वहीं हादसे में वैशाखी मौर्य के अलावा नग्गी पति लच्छु 35 वर्ष निवासी सोसनपाल के सीने और घुटने में चोटें आईं। इसके अलावा जगदलपुर के डोकरीघाट निवासी मनीष सिंह ठाकुर 28 वर्ष के सिर और हाथ में चोट लगी। दरभा थाना क्षेत्र के चिड़पाल निवासी तुलाराम कश्यप 35 वर्ष के सिर व पैर में चोटें आईं है इसी हादसे में बाईक सवार चिड़पाल निवासी मंगल कश्यप 30 वर्ष के माथे, हाथ और पैर में चोट आई है। सभी घायलों का डिमरापाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार जारी है।

जानकारी के मुताबिक हादसे में ऑटो सवार तोकापाल निवासी गर्भवती महिला वैशाखी मौर्य के आठ माह के गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। बैशाखी के पति सुरेश मौर्य ने बताया कि वह जगदलपुर में निजी अस्पताल में स्वास्थ्य जांच कराने के बाद ऑटो से अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान पड़रिपानी स्थित टाटा शोरूम के सामने तेज रफ्तार टोचन वाहन ने ऑटो समेत अन्य वाहनों को टक्कर मार दी। दुर्घटना में वैशाखी के आठ माह के गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई है।



फॉलोअप

ट्रक की तलाशी में 133 क्विंटल अवैध मक्का जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कृषि उपज के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए कृषि उपज मंडी समिति कोंडागांव के निरीक्षण दल ने कार्रवाई करते हुए 27530 रुपए की वसूली की है। राज्य कृषि विपणन बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में मक्का का निर्धारित मात्रा से अधिक परिवहन बिना वैध अनुज्ञा के करते हुए पाया गया। मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत जप्ती प्रकरण तैयार कर नियमानुसार शुल्क एवं समझौता शुल्क वसूला गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 अक्टूबर की रात लगभग 11 बजे कृषि उपज मंडी समिति कोंडागांव का निरीक्षण दल कोंडागांव से उमरकोट मार्ग पर जांच कर रहा था। इसी दौरान ट्रक क्रमांक ओडी 35 जे 1230 की जांच की गई। वाहन में अधिसूचित कृषि उपज मक्का का परिवहन किया जा रहा था। जांच में ट्रक में कुल 333 क्विंटल मक्का पाया गया। जांच के दौरान सामने आया कि वाहन में ले जाए जा रहे मक्का में से केवल 200 क्विंटल के परिवहन के लिए विधिवत अनुज्ञा जारी की गई थी, जबकि शेष 133 क्विंटल मक्का का परिवहन बिना वैध अनुज्ञा के किया जा रहा था। निरीक्षण दल ने इसे मंडी नियमों का उल्लंघन मानते हुए तत्काल कार्रवाई की। मामले में मंडी अधिनियम के अनुसार जप्ती प्रकरण की कार्रवाई की गई। अधिनियम की धारा 19(4) के प्रावधानों के तहत मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क एवं समझौता शुल्क सहित 27530 रुपए की राशि वसूल की गई। मंडी समिति की इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि कृषि उपज के परिवहन में वैध अनुज्ञा और निर्धारित नियमों का पालन अनिवार्य है। मंडी प्रशासन द्वारा अवैध परिवहन के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।



वाहनों की हो रही जांच

राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि बस्तर संभाग से लगे अंतर्राज्यीय मार्गों के जरिए कृषि उपज के परिवहन पर नजर की जा रही है। ओडिशा सीमा की ओर जाने वाले मार्गों पर वाहनों की जांच की जा रही है।

वारंटी में खराबी के बाद भी नहीं सुधारी गाड़ी

जगदलपुर। वारंटी अवधि में तकनीकी खराबी आने के बावजूद वाहन ठीक नहीं करने और नया वाहन उपलब्ध नहीं कराने के मामले में जिला उपभोक्ता आयोग ने वाहन निर्माता और विक्रेता को सेवा में कमी का दोषी माना है। आयोग की अध्यक्ष सुजाता जायसवाल और सदस्य आलोक कुमार दुबे की खंडपीठ ने निर्माता कंपनी को एक माह के भीतर नया वाहन उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। निर्धारित अवधि में वाहन नहीं देने पर 100 रुपए प्रतिदिन जुर्माना लगेगा। वहीं वाहन विक्रेता को मरम्मत के लिए ली गई 2400 रुपए की राशि लौटानी होगी। इसके अलावा शारीरिक व मानसिक पीड़ा के लिए 20 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति देने के निर्देश दिए गए हैं। शहर निवासी सुदीप सिंह ने सुखीदास ऑटोमोबाइल्स से 2 लाख 66 हजार 449 रुपए में ट्रायम्फ व बजाज ऑटो निर्मित दोपहिया वाहन खरीदा था। वाहन में तकनीकी खराबी आने के बाद विक्रेता ने मरम्मत के नाम पर पैसे लिए, फिर भी गाड़ी ठीक नहीं हुई। नया वाहन नहीं मिलने पर आवेदक ने आयोग की शरण ली थी।

- उपभोक्ता आयोग ने कहा– महीनेभर में दें नया वाहन

5वीं बार काछन देवी का स्वरूप धारण करेंगी 10 वर्षीय पीहू दास

कांटों के झूले पर विराजेंगी पीहू, राजपरिवार को देंगी दशहरा मनाने की अनुमति आज

खास बातें

- सदियों पुरानी परंपरा में आज भी कायम है जनजातीय आस्था का अनूठा विश्वास
- काछनगादी के साथ शुरू होगी भव्य दशहरा की रस्में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा की सदियों पुरानी परंपराओं में शामिल काछनगादी रस्म का निर्वहन 10 अक्टूबर को किया जाएगा। इस वर्ष 10 वर्षीय पीहू दास काछन देवी का स्वरूप धारण कर इस ऐतिहासिक अनुष्ठान को पूरा करेंगी। पनका समाज की पीहू लगातार 5 वीं बार इस रस्म में शामिल होंगी। बेल के नुकीले कांटों से बने विशेष झूले पर विराजमान होकर वह राजपरिवार को दशहरा पर्व की प्रमुख रस्मों को आगे बढ़ाने की अनुमति देंगी।मान्यता है कि काछन देवी की अनुमति और आशीर्वाद के बाद ही दशहरा पर्व की आगामी रस्में विधिवत आगे बढ़ती हैं। इस दौरान बस्तर राजपरिवार के सदस्य देवी स्वरूप कन्या के समक्ष फूल और नारियल अर्पित कर पर्व के निर्विघ्न संपन्न होने की कामना करते हैं।



आड़काछेपड़ा गांव की हैं पीहू

पीहू दास मूल रूप से कोंडागांव जिले के आड़काछेपड़ा गांव की रहने वाली हैं। वह पनका समाज से ताल्लुक रखती हैं। कम उम्र में ही उन्हें बस्तर की इस विशिष्ट धार्मिक परंपरा से जुड़ने का अवसर मिला। वर्ष 2026 में वह लगातार पांचवीं बार काछन देवी का स्वरूप धारण करेंगी। इस परंपरा में उनकी भूमिका केवल एक धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बस्तर की सांस्कृतिक विरासत और पीढ़ियों से चली आ रही लोक-आस्था का भी प्रतीक है।काछनगादी रस्म के दौरान विशेष रूप से तैयार किए गए बेल के नुकीले कांटों वाले झूले पर कन्या को विराजमान कराया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दौरान कन्या में काछन देवी का स्वरूप देखा जाता है। राजपरिवार देवी के समक्ष उपस्थित होकर दशहरा आयोजन के लिए अनुमति मांगता है।इस रस्म को लेकर श्रद्धालुओं में गहरी आस्था है। यह परंपरा बस्तर की उन विशिष्ट सांस्कृतिक मान्यताओं को दर्शाती है, जिनमें जनजातीय समाज की धार्मिक परंपराओं को विशेष स्थान प्राप्त है।

बस्तर में नहीं होता रावण दहन

देश के अन्य हिस्सों में दशहरा जहां रावण दहन के लिए प्रसिद्ध है, वहीं बस्तर दशहरा माता दंतेश्वरी की आराधना और जनजातीय परंपराओं के कारण अपनी अलग पहचान रखता है। लगभग 75 दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में विभिन्न समुदायों की भागीदारी और पारंपरिक रस्में बस्तर की सांस्कृतिक विविधता को सामने लाती हैं।पनका समाज की मान्यताओं से जुड़ी इस रस्म में एक बालिका को देवी स्वरूप में पूजकर राजपरिवार द्वारा पर्व की अनुमति लेना सामाजिक समरसता, लोकविश्वास और सांस्कृतिक निरंतरता का संदेश देता है।पीहू दास के माध्यम से एक बार फिर बस्तर की यह ऐतिहासिक परंपरा जीवंत होगी।

